

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 23 जुलाई, 2026

### एक नजर में

#### सोशल मीडिया वॉरियर बने बद्रीलाल तंवर



**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के तहत राजगढ़ जिले के बद्रीलाल तंवर (रसभरी) का जिला सोशल मीडिया वॉरियर के रूप में चयन किया गया. उनका चयन इंटरव्यू के आधार पर किया गया है. इस अवसर पर समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

#### गौ संरक्षण के लिए खाटू धाम तक पदयात्रा

**पडाना 22 जुलाई, सं.** गौमाता के सम्मान एवं संरक्षण के उद्देश्य से ग्राम मऊ स्थित माँ दुर्गा गौशाला के तत्वावधान में गौ सम्मान आह्वान पदयात्रा निकाली जावेगी. आयोजकों के अनुसार यह पदयात्रा महंत श्री गुरु चरण दास जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगी. पदयात्रा माँ दुर्गा गौशाला से प्रारंभ होकर खुजनेर स्थित खाटू धाम तक पहुंचेगी. यह पदयात्रा आगामी एकादशी, दिनांक 25 को आयोजित की जावेगी. पदयात्रा का उद्देश्य समाज में गौसेवा, गौसंरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है.

#### 25 जुलाई तक चॉइस फिलिंग का अवसर

**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** कौशल विकास संचालनालय के अंतर्गत शासकीय आईटीआई राजगढ़ में रोजगारमुखी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है. संस्था में संचालित विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं. इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया के तृतीय चरण के लिए अपनी चॉइस फिलिंग 25 जुलाई तक करवा सकते हैं. प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी शासकीय आईटीआई राजगढ़ में संपर्क कर सकते हैं.

**भूमि बेचना है**
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
**सम्पर्क करें : 9424406947**
*बिल : 09 अगस्त*

# निर्माण की धीमी रफ्तार से आउटर पर खड़ी सुविधाएं

## धीमी रफ्तार के कारण नहीं हो पाया लोकार्पण वाले 75 स्टेशनों में नाम शामिल, लिफ्ट का काम अधूरा, लोग बोझा ढोने को मजबूर

**अमृत भारत रेल्वे स्टेशन योजना के तहत चल रहा है काम लेकिन सुस्त रफ्तार टैग नहीं लगने दे रही**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 जुलाई, का. अमृत भारत रेल्वे स्टेशनों में शामिल देश के 75 स्टेशनों का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया गया है. ब्यावरा स्टेशन भी इसी योजना के तहत विकसित किया जा रहा है. लेकिन इसके निर्माण की धीमी रफ्तार ने इसके योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं के संचालन को आउटर पर खड़ा कर रखा है. एक विकसित रेल्वे स्टेशन सिर्फ प्लेटफॉर्म बनाने से नजर नहीं आता बल्कि उसे ट्रैफिक के लिहाज से मिलने वाली बेहतर और आधुनिक सुविधाओं के बाद नजर आता है.**

**ब्यावरा स्टेशन पर कई जरूरी सुविधाएं जो सुरक्षा के लिहाज से भी जरूरी है उनका निर्माण प्रारंभ तो किया गया लेकिन उनकी सुस्त रफ्तार के कारण वे सुविधाएं लोकार्पण होकर नागरिकों के काम नहीं आ पा रही है.**

उल्लेखनीय है कि जालंधर से 17 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा 20 राज्यों के 75 रेल्वे स्टेशनों को अमृत भारत रेल्वे स्टेशन योजना के तहत लोकर्पित किया है. इनमें हमारे जिले के समीपस्थ अशोकनगर और विदिशा रेल्वे स्टेशन भी शामिल है. लेकिन अधूरे निर्माण के कारण ब्यावरा सिर्फ योजना के तहत निर्माणाधीन स्टेशन में गिना जा रहा है. विकसित अब तक नहीं हो पाया है.





### समय सीमा समाप्त, लिफ्ट और एस्केलेटर जल्द तैयार हो

रेल्वे स्टेशन पर वृद्धजनों, दिव्यांगजनों को दूसरे स्टेशन तक पहुंचाने और भारी सामान साथ लाने वाली महिला यात्री एवं बच्चों के लिए एस्केलेटर तैयार किया जाना है. वर्तमान में सिर्फ लिफ्ट का काम जारी है और यह बारिश के पूर्व समाप्त किया जाना था. लेकिन अब तक लिफ्ट का केवल ढांचा ही तैयार किया गया है. अभी भी महिलाएं जो ग्रामीण अंचलों से है वे दूसरी ओर मौजूद प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए सीढ़ियों के रास्ते सिर पर बोझ लेकर चढ़ने को मजबूर है. सर्वाधिक परेशानी वृद्धजनों को होती है. अब तक प्लेटफॉर्म नंबर एक पर अधिकांश ट्रेनें आती थी. लेकिन डबल लाईन और प्लेटफार्म तैयार होने के बाद आधी ट्रेने उस ओर से गुजरती है. ऐसे में अनांउसमेंट होने के ठीक बाद कम समय में वृद्धजनों को उस पार जाने में परेशानियां होती है. ऐसे में समय रहते लिफ्ट को तैयार कर शुरू करने की आवश्यकता है. कई बार जल्दबाजी में लोग पटरी पार कर उस ओर जाते भी देखे जा सकते है जो कि घातक है. हालांकि जीआरपी पुलिस इसका ध्यान रखती है लेकिन कई बार नजर हटने का नुकसान उठाना पड़ सकता है.

### दो सौ मीटर की दूरी पर 2 फुट ओवर ब्रिज

रेल्वे स्टेशन पर दूसरा फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो चुका है. पहला स्टेशन के दाईं ओर प्रवेश द्वार से 20 मीटर की दूरी पर बनाया गया है. वहीं दूसरा टिकट काउंटर से 20 मीटर आगे तैयार किया गया है. दोनों फुटओवर ब्रिज के बीच की दूरी महज 200 मीटर के आसपास है. जबकि रेल्वे स्टेशन की कुल लंबाई 300 मीटर से अधिक है. टिकिट काउंटर के पास वाले ब्रिज के पास लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है. लेकिन निर्माण की चाल देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कब तक लोगों के काम आ सकेगी. वहीं दूसरी ओर योजना के तहत स्टेशन अब तक अधूरे निर्माण में शामिल किया जा रहा है. जबकि इसका निर्माण पिछले तीन सालों से चल रहा है. स्थानीय जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है.

### वालेंटियर का साक्षात्कार 24 को

**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के आदेशानुसार समस्त आवेदक जिनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ एवं तहसील विधिक सेवा समिति ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में सत्र 2026-27 हेतु नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स की भर्ती अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं, उनके साक्षात्कार जिला एवं तहसील स्तर पर पृथक-पृथक किए जाएगे. साक्षात्कार 24 जुलाई, 2026 को निर्धारित समय प्रात: 10 बजे से रहेगा. न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जिन आवेदकों द्वारा जिला मुख्यालय राजगढ़ आवेदन प्रस्तुत किया है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ में निर्धारित तिथि को उपस्थित होना सुनिश्चित करें एवं जिनके द्वारा तहसील स्तर पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है वे संबंधित तहसील स्थित तहसील विधिक सेवा समिति/तहसील न्यायालयों में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे. साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त आवेदक उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन के साथ जो दस्तावेज संलग्न किये गये थे, उनकी मूल प्रति सत्यापन हेतु साथ लाए. जिन आवेदकों द्वारा 01 से अधिक स्थानों पर आवेदन प्रस्तुत किये हैं, वे केवल किसी एक स्थान पर ही साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें.



# औचक निरीक्षण में गायब मिले आधा दर्जन कर्मचारी

## जिपं सीईओ ने वेतन काटने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 22 जुलाई, का. सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया. ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए. कार्यालयीन व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने आवश्यक प्रशासनिक निर्देश प्रदान किए.**

इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान भूपेंद्र सिंह सांकला, ललित विश्वकर्मा एवं सतीश शर्मा अनुपस्थित पाए गए. इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए. साथ ही स्थापना शाखा के लिपिक को कार्यालयीन कार्यप्रणाली में सुधार लाने एवं अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान कार्यालय भवन में जल रिसाव की समस्या का संज्ञान लेते हुए आवश्यक मरम्मत एवं वाटर प्रुफिंग कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने नाराजगी व्यक्त की.

### एनएसयूआई ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. नाका नंबर-3 स्थित बिरसा मुंडा चौराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज़ दबाने का प्रयास कर रही है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है. प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर बल प्रयोग और राहुल गांधी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की.

# रिक्शा चालक को डिजिटल अरेस्ट कर 60 हजार ठगे

**कोतवाली पुलिस और साइबर टीम ने दो अलग-अलग मामलों में ढाई लाख की राशि पीड़ितों को दिलाई**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** पुलिस की लगातार कार्यवाह, गिरफ्तारियों के बाद भी साईबर ठगों के हौंसले बुलंद है. इस बार ठगों ने दो अलग-अलग मामलों में ढाई लाख की ठगी की. पुलिस ने दोनों मामलों में कार्यवाही करते हुए बदमाशों को पकड़ लिया है. मामला डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाईन इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी का है.

**प्रकरण-1**

साइबर धोखाधड़ी के शिकार एक ऑटो चालक को 60 हजार की राशि वापस दिलाई है. 11 जुलाई को फरियादी जितेंद्र मेवाड़े पिता श्री विष्णु मेवाड़े, उम्र 38 वर्ष, निवासी बांसवाड़ा मोहल्ला, राजगढ़ द्वारा थाना कोतवाली राजगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 07 जुलाई को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को पुलिस अधिकारी बताते हुए अश्लील वीडियो देखने के नाम पर डिजिटल गिरफ्तारी की कार्रवाई का भय दिखाया. आरोपी ने कार्रवाई से बचाने का झूठा आश्वासन देकर फरियादी को डरा-धमकाकर 60,000 अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए. फरियादी एक गरीब परिवार से संबंधित ऑटो चालक है, जिसने आरोपियों द्वारा लगातार ब्लैकमेल किए जाने के कारण अपना ऑटो गिरवी रखकर उक्त राशि का भुगतान किया था. गिरफ्तार आरोपी आलोक पिता दौलत सिंह पाल, उम्र 19 वर्ष एवं बृजेश सिंह पिता छुट्टन सिंह पाल, उम्र 26 वर्ष, थाना मंगलपुर, जिला कानपुर उ.प्र. को हिरासत में लिया.

**प्रकरण-2**

12 जुलाई को को फरियादी प्रशांत शर्मा पिता रामस्वरूप शर्मा, उम्र 38 वर्ष, निवासी पुलिस लाइन, राजगढ़ द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वर्ष 2022 में एक ऑनलाईन निवेश संबंधी एडवाइजरी के माध्यम से उनका संपर्क टेलीग्राम पर हुआ था, जिसके माध्यम से उन्होंने एक डीमैट अकाउंट खुलवाया था. कोतवाली टीम ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 1 लाख 64 हजार सफलतापूर्वक रिकवर कर उसके बैंक खाते में वापस कराए. 02 मार्च को उनके पास एक व्हाट्सएप नंबर से ऑडियो कॉल प्राप्त हुई. कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को शेयर ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताते हुए डीमैट अकाउंट में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच देकर हानि होने पर राशि वापस करने का आश्वासन देकर अकाउंट का एक्सेस प्राप्त कर लिया. आरोपी ने फरियादी के साथ 1,64,000/- की साइबर धोखाधड़ी कर दी. आरोपी दिनेश पिता शांतिलाल मीणा, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कुण्डिया, थाना उनियारा, टोंक राजस्थान से पकड़ा है.

## राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल में नशे से दूरी विषय पर सेमिनार



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** स्थानीय राजेश्वर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा नशे से दूरी है जरूरी विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया. इस महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे ने उपस्थित छात्रों को नशे के गंभीर शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया. युवाओं को साइबर अपराधों और नशे के जाल से बचने के तरीके बताए और अपील की कि वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए हर प्रकार के व्यसन से खुद को दूर रखें. कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक फादर ऑगस्टिन और प्राचार्या सिस्टर टेसलिन सहित बड़ी संख्या में स्टॉफगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें.




# पति ने गलती मानी, पत्नि ने भी भूल सुधारी, एक हुआ परिवार

## वन स्टॉप सेंटर की पहल से दो परिवारों में लौटीं खुशियां

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 21 जुलाई, का. वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चौहान के मार्गदर्शन में प्रभावी काउंसलिंग और सतत फॉलोअप के माध्यम से दो परिवारों के लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवादों का सफल समाधान कराया. केंद्र द्वारा महिलाओं को कानूनी, मनोसामाजिक एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ संवाद के जरिए टूटते रिश्तों को जोड़ने का भी लगातार प्रयास किया जा रहा है.**

श्रीमती चौहान ने बताया कि पहले प्रकरण में 05 वर्ष पुराने वैवाहिक संबंध में उत्पन्न विवाद को लगातार काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाया गया. परामर्श के दौरान पति ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए परिवार के साथ पुन: रहने का निर्णय लिया, जबकि पत्नी ने भी रिश्ते को एक और अवसर देने की सहमति जताई.

द्वितीय प्रकरण में दहेज प्रताड़ना एवं घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायत पर दोनों पक्षों की अलग-अलग एवं संयुक्त काउंसलिंग कविता वर्मा द्वारा की गई. दहेज प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देने और लगातार समझाइश के बाद ससुराल पक्ष ने अपने व्यवहार में सुधार का आश्वासन देते हुए पीड़िता से क्षमा मांगी और आपसी सम्मान के साथ जीवन शुरू करने का संकल्प लिया. वन स्टॉप सेंटर की इस पहल से दोनों परिवारों में पुन: विश्वास और सौहार्द का वातावरण बना.

वन स्टॉप सेंटर महिला बाल विकास प्रशासक का कहना है कि केंद्र का उद्देश्य केवल संकटग्रस्त महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि जहां संभव हो, संवाद, विश्वास और सकारात्मक परामर्श के माध्यम से परिवारों को पुन: जोड़कर समाज में स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना भी है. दोनों ही प्रकरणों में लगातार फ़ॉलोअप किया जा रहा है.

**स्वागत** ▶ **पूर्व केबिनेट मंत्री जयवर्द्धन सिंह सहित मौजूद सभी ने की युवक की सराहना**

# नई सोच, नया दौर : फलदान में युवक ने लौटाए 11 लाख रुपये

**सगाई समारोह में सम्मान स्वरूप 11 रुपये रखकर विनम्रता से राशि लौटाई पूर्व अपर कलेक्टर आलोक कुमार सिंह की पौत्री का सगाई समारोह मिसाल बना**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 जुलाई, का. शिक्षा, संस्कार, विवेक और समझ व्यक्ति को समाज में उत्कृष्ट स्थान दिला सकती है. आज समाज में शादी-विवाह में दहेज, रीति रिवाज और परंपराओं ने पैसे को प्रधानता दी है. ऐसे माहौल में एक युवा ने अपनी सगाई समारोह में ससुराल पक्ष से फलदान के समय भेंट किये 11 लाख रूपये को विनम्रता के साथ लौटाते हुए सिर्फ 11 रूपये स्वीकार कर समाज में एक अनुकर्णीय उदाहरण प्रस्तुत किया है.**



*फलदान रस्म के दौरान पैसों से भरा थाल लौटाते हुए युवक.*

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा तहसील के ठिकाना बिसोनिया निवासी सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर श्री आलोक कुमार सिंह राठौड़ की पोत्री और अरूण कुमार सिंह की बेटी आराधना सिंह का संबंध मप्र के गुना जिले की बामोरी तहसील में स्थित एक छोटा से गांव मोड़का निवासी ठा श्री प्रशांत सिंह सिसोदिया ठिकाना मोड़का के सुपुत्र फलेशुराज सिंह के साथ हुआ.

परिवारजनों ने सोमवार को नरसिंहगढ़ के सर्वसुविधायुक्त रिसोर्ट सोनाकुंज में सगाई, फलदान समारोह आयोजित किया था. इस समारोह में राघौगढ़ राजपरिवार के युवराज पूर्व केबिनेट मंत्री और राघोगढ़ विधायक जयवर्द्धन सिंह, नरसिंहगढ़ महाराज एवं पूर्व विधायक राज्यवर्द्धन सिंह, बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव सहित दर्जनभर पूर्व विधायक सहित कई वरिष्ठ इंका-भाजपा नेता शामिल हुए. राजपूत समाज की परंपरानुसार फलदान समारोह की रस्म निभाने के बाद जब वधु पक्ष की ओर से भेंट स्वरूप 11 लाख 11 हजार एक हजार एक सो ग्यारह रूपये रखे तो युवक फलेशुराज सिंह ने इस राशि को विनम्रतापूर्वक लेने से मना करते हुए इसमें से सिर्फ 11 रूपये स्वीकार किये और सारी धनराशि वापस लौटा दी.

गौरतलब है कि युवक फलेशुराज सिंह एनएसयूआई गुना जिले के अध्यक्ष है और पेशे से वकालात करते है. इसी प्रकार राठोड़ परिवार की बेटी आराधना सिंह एमए, बीएड के साथ उच्च शिक्षित है. आराधना ने अपने मंगेतर की इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की है. साथ ही खुद को शोभाग्यशाली माना है.

### युवक की पहल सराहनीय-जयवर्द्धन सिंह



इस वाकिये को देख राघोगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्द्धन सिंह ने सार्वजनिक तौर पर युवक फलेशुराज सिंह की प्रशंसा करते हुए ठिकाना मोडका के समूचे सिसोदिया परिवार को बधाई देते हुए इस पहल को बेहतर संस्कार से जोड़ा. उन्होंने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को इस पहल को आगे बढ़ाना चाहिए. इस मौके पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व जिपं अध्यक्ष सुमेर सिंह गड़ा, पूर्व विधायक भक्त पाल सिंह राठौड़ ठिकाना मख्याई, पूर्व विधायक छबड़ा राजस्थान करण सिंह राठौड़, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह तथा अनेक राजनीतिक, समाजिक क्षेत्र के प्रमुख लोग उपस्थित थे.